झारखण्ड सरकार

**झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।**

पत्रांकः– रा0खा0आ0 (शि0) 10/2022– 260

प्रेषक,

**संजय कुमार**
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

सेवा में,

**सचिव**
खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग,
झारखण्ड, राँची।

राँची, दिनांकः– 08/10/2025

विषयः– **गढ़वा जिला में गरीबों को बांटने के लिए आई 50 क्विंटल चीनी सड़ जाने से सम्बन्धित प्रकाशित समाचार पर कार्रवाई के सम्बन्ध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में निदेशानुसार कहना है कि गढ़वा जिला में गरीबों को बांटने के लिए आई 50 क्विंटल चीनी गोदाम में सड़ने से सम्बन्धित समाचार दैनिक समाचार–पत्र "दैनिक भास्कर" में दिनांक–12.09.2025 को प्रकाशित हुआ है। प्रकाशित समाचार में प्रखण्ड मुख्यालय परिसर में PDS के तहत् आये नमक को भी लाभुकों के बीच वितरित नहीं कर मिट्टी में गाड़ दिये जाने का भी उल्लेख है।

अतः उपरोक्त प्रकाशित समाचार–पत्र के कतरन की प्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित की जा रही है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करने की कृपा की जाए।

**अनुलग्नकः– यथोक्त।**

विश्वासभाजन

8/10/25

(संजय कुमार)
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

F:\Dewd\Vinod Sir\Letter.docx600

237.

दैनिक भास्कर
दिनांक 12/09/2025

15.9.25

15/9

18/09

## गोदाम से बदबू आने की ग्रामीणों ने की शिकायत, जांच में हुआ खुलासा

# गढ़वा में गरीबों को बांटने के लिए आई 50 क्विंटल चीनी अधिकारियों ने सड़ा दी

**सियाराम शरण वर्मा/सुनील कुमार | भवनाथपुर**

गढ़वा जिले के भवनाथपुर प्रखंड के पुराने अंचल कार्यालय के गोदाम में आठ वर्ष पहले 2016-17 में जन वितरण प्रणाली के तहत लाभुकों को बांटने के लिए रखी गई करीब 40 से 50 क्विंटल चीनी अब पूरी तरह सड़ चुकी है। गोदाम से उठ रही बदबू से आसपास के लोग परेशान हैं। स्थानीय लोगों की शिकायत पर जब जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने जांच कराई तो सच्चाई सामने आई। यह चीनी कांडी प्रखंड की पीडीएस दुकानों को भेजी जानी थी। ग्रामीणों की सूचना पर तत्कालीन जिला आपूर्ति पदाधिकारी रामगोपाल पांडेय स्वयं भवनाथपुर पहुंचे थे। उन्होंने स्थल निरीक्षण कर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी नंदजी राम को जांच कर रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया था। लेकिन दो माह बीत जाने के बाद भी जांच आगे नहीं बढ़ी। जब इस संबंध में बीडीओ नंदजी राम से सवाल किया तो उन्होंने कहा कि जांच करना था, लेकिन भूल गया था[illegible]गे। उपयुक्त दिनेश कुमार यादव ने कहा कि मामला काफी पुराना है और वे नए पदस्थापित हुए हैं। पूरे प्रकरण की जानकारी लेकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए विभाग को लिखा जाएगा।

## गरीबों का नमक भी गड्ढे में डाला, एमओ बोले-दोषी पर होगी कार्रवाई



अंचल कार्यालय में सड़ी चीनी के बोरे

वहीं, प्रखंड मुख्यालय परिसर में जनवितरण प्रणाली के तहत आए सरकारी नमक को लाभुकों के बीच वितरण किए बिना ही मिट्टी में गाड़ दिया गया। गढ़वा उपायुक्त के निर्देश पर इन दिनों प्रखंड परिसर के पुराने और जर्जर भवन को ध्वस्त करने का कार्य चल रहा है। इसी परिसर में एफसीआई का पुराना गोदाम भी था। जिसमें सरकारी नमक के बोरे रखे गए थे। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने भवन ध्वस्त होने से पहले सभी जनवितरण प्रणाली डीलरों को यह नमक उठाने और गरीब कार्डधारी लाभुकों के बीच वितरण करने का आदेश दिया था। एजीएम ने छह से सात ट्रैक्टर नमक क्षेत्र के कुछ डीलरों की दुकानों तक भेजा भी, लेकिन बड़ी मात्रा में नमक गोदाम में ही रह गया।